हरदीप सिंह
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

HARDEEP SINGH
Chairman & Managing Director

दि स्टेट ट्रेडिंग कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
THE STATE TRADING CORPORATION OF INDIA LTD.
(A Govt. of India Enterprise)

हिंदी दिवस का संदेश

(14 सितंबर 2023)

प्रिय साथियो,

जैसाकि हम सब जानते ही हैं कि आज विश्व अनेक अंतर्विरोधों से जूझ रहा है। पहले करोना-19 महामारी ने मानव जगत पर जमकर कहर ढहाया और बड़ी-बड़ी महाशक्तियों को घुटनों पर ला दिया। तत्पश्चात्, पिछले एक वर्ष से भी अधिक समय से चल रहे रूस-यूक्रेन युद्ध ने दुनिया भर के देशों की अर्थव्यवस्थाओं को प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से बुरी तरह प्रभावित किया है। ऐसे में भारत ने हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन में विश्वभर के प्रमुख नेताओं को एक मंच पर लाकर न केवल महत्वपूर्ण वैश्विक मद्दों पर सहमति बनाने में सफलता हासिल की, बल्कि "वसुधैव कुटुंबकम्" के अपने मूल विचार को चरितार्थ करते हुए विश्व में शांति और आशा का संदेश भी दिया। यह हम सब भारतवासियों के लिए अंत्यंत गौरव एवं गर्व की बात है।

यह सच है कि भारत विविधताओं का देश है, परंतु अनेकता में एकता हमारी पहचान भी है। सामंजस्य के साथ सह-अस्तित्व हमारी अंतरंग विचारधारा है। हमारे यहाँ विभिन्न धर्मों व संप्रदायों को मानने वाले और विभिन्न भाषा-भाषी लोग हैं। यह हमारी संस्कृति की बहुरंगी छटा का परिचायक है। स्वंतत्रता प्राप्ति के उपरांत संविधान सभा ने इन तमाम स्थितियों को मद्देनजर रखते हुए देश भर में बोली जाने वाली प्रमुख भाषाओं को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल कर मान्यता प्रदान की और इस समय आठवीं अनुसूची में प्रमुख 22 भाषाएँ शामिल हैं। इसके साथ ही संविधान सभा ने 14 सितंबर, 1949 को हिंदी को संघ की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया, जिसके कारण प्रतिवर्ष **14 सितंबर** को **हिंदी दिवस** के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर केंद्र सरकार के कार्यालयों में राजभाषा हिंदी के प्रति कर्मचारियों को प्रेरित व प्रोत्साहित करने और एक सकारात्मक माहौल तैयार करने के आशय से अनेक हिंदी प्रतियोगिताएँ व कार्यक्रम आदि आयोजित किए जाते हैं। हमारे कार्पोरेशन में भी इस प्रकार के आयोजन किए जाते हैं, जिससे कार्पोरेशन के कर्मचारियों में राजभाषा हिंदी के प्रति जागरूकता निरंतर बढ़ रही है और दैनंदिन कामकाज में भी इसका प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखायी पड़ता है।

मैं हिंदी दिवस के अवसर पर कार्पोरेशन के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ और आप सबको आह्वान करता हूँ कि अपना अधिक-से-अधिक कार्यालयी कामकाज राजभाषा हिंदी में करने का प्रयास करें, ताकि हम भारत सरकार द्वारा निर्धारित राजभाषा संबंधी लक्ष्यों को पूरा कर सके।

हार्दिक शुभकामनाओं सहित,

हरदीप सिंह

(हरदीप सिंह)

पंजीकृत कार्यालय : जवाहर व्यापार भवन, टॉलस्टॉय मार्ग, नई दिल्ली-110001
Regd. Office : Jawahar Vyapar Bhawan, Tolstoy Marg, New Delhi-110 001
दूरभाष / Telephone : 011-23701194 / **ई-मेल** / Email : cmd@stclimited.co.in
कॉर्पोरेट पहचान संख्या / Corporate Identity No. : L74899DL 1956GO1002674 **वेबसाईट** / Website : www.stclimited.co.in
''हिन्दी में प्राप्त पत्रों का स्वागत है''

Azadi Ka Amrit Mahotsav